नगर निगम, शाहजहाँपुर।

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक 15.09.2020**

- नगर निगम,शाहजहाँपुर द्वारा महानगर क्षेत्र के अत्याधिक प्राचीन वृक्ष एवं पुरातात्विक, सांस्कृतिक,ऐतिहासिक महत्व के विरासतों को भी सूचीबद्ध करते हुये जन जैव विविधता पंजिका बनाई जा रही है।

- नगर निगम द्वारा कराये जा रहे रौजा रोड मेजवान होटल के समाने तिराहे पर महाराणा प्रताप पार्क के निर्माण कार्य का जिलाधिकारी महोदय एवं पुलिस अधीक्षक महोदय एवं नगर आयुक्त महोदय द्वारा निरीक्षण किया गया।

- नोवेल कोरोना वायरस–19 तथा जे0ई0/ए0ई0एस एवं अन्य वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम,प्रभावी नियंत्रण का अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत आज दिनांक 15.09.2020 को नगर निगम के क्षेत्रान्तर्गत चला विशेष सफाई अभियान। कन्टेनमेन्ट जोन में वेरीकेटिंग लगाने के साथ–साथ साफ–सफाई एवं कूड़े निस्तारण का चलाया जा रहा विशेष सफाई अभियान।

1. नगर निगम,शाहजहाँपुर के परिक्षेत्र के जैव विविधता ज्ञान को संचित एवं भविष्योपयोगी बनाने हेतु जन जैव विविधता पंजिका बनाने का कार्य एक समिति द्वारा किया जा रहा है। उक्त पंजिका में नगर निगम परिक्षेत्र के समस्त वनस्पतियों एवं जन्तुओ को सूचीबद्ध किया जा रहा है। यह शहर के विरासत को एकत्रित करने का एक बड़ा अवसर है। महानगर क्षेत्र के अत्याधिक प्राचीन वृक्ष एवं पुरातात्विक, सांस्कृतिक,ऐतिहासिक महत्व के विरासतों को भी सूचीबद्ध किये जाने का कार्य किया जा रहा है, साथ ही विभिन्न प्रकार के विशिष्ट ज्ञान/कला (जो वर्तमान में लुप्तप्राय है) से सम्बन्धित व्यक्तियो (यथा वैद्य, हकीम, विशिष्ट चिकित्सा पद्धित के जानकार आदि) के विवरण भी सूचीबद्ध किया जा रहा है। इस सम्बन्ध मे नगर आयुक्त महोदय द्वारा नागरिको से अपील की गई है कि यदि उनके आस–पास इस सम्बन्ध में कोई तथ्य एवं विवरण उपलब्ध हों,तो दिनांक 21.09.2020 दिन सोमवार सायं 05.00 बजे तक श्री अंगद गुप्ता,सहायक नगर आयुक्त,नगर निगम,शाहजहाँपुर मो0नं0–7355335903 को विवरण उपलब्ध कराते हुये इस पंजिका के निर्माण में अपना योगदान करें, जिससे नगर निगम द्वारा तैयार कराये जा रहे जन जैव विविधता पंजिका में उपलब्ध कराये गये सभी तथ्यो एवं विवरणो को समाहित किया जा सके।

2. नगर निगम द्वारा कराये जा रहे रौजा रोड मेजवान होटल के समाने तिराहे पर महाराणा प्रताप पार्क के निर्माण कार्य का जिलाधिकारी महोदय एवं पुलिस अधीक्षक महोदय एवं नगर आयुक्त महोदय द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी महोदय ने महाराणा प्रताप पार्क मे चल रहे निर्माण कार्य का जायजा लिया एवं निर्देशित किया की निर्धारित समय सीमा मे निर्माण कार्य को पूर्ण कर लिया जाये। इसके साथ काम कर रहे व्यक्तियो को नियमित रूप से हाथ धोने,मास्क लगाने,दो गज की दूरी रखने हेतु निर्देशित किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त महोदय,अपर नगर आयुक्त, डी0एफ0ओ0 मुख्य अभियन्ता (सिविल), लेखाधिकारी आदि उपस्थित रहे।

Generated by CamScanner

3. नोवेल कोरोना वायरस–19 तथा जे0ई0/ए0ई0एस एवं अन्य वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम,प्रभावी नियंत्रण का अभियान आज दिनांक 15.09.2020 को नगर के विभिन्न वार्डो में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें नगर आयुक्त महोदय द्वारा सभी नोडल अधिकारियो/कर्मचारियो को निर्देशित किया गया कि अपने–अपने आवंटित वार्ड की सफाई कार्य के साथ–साथ कोविड–19 सुरक्षा हेतु हाथ धोने,सेनेटाइजेंशन और 02 गज दूरी बनाये रखने हेतु लोगो को जागरूक करते रहे। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियो को वार्डवार पर्यवेक्षण का दायित्व दिया गया है,जिनके द्वारा सुबह से ही सफाई कर्मचारियो से अपने आवंटित मोहल्लो की सफाई करायी गयी। इसके अतिरिक्त सेनेटाईजेशन एवं फागिंग का कार्य , बी0एस0 पब्लिक, पॉलिटेक्निक कालेज,चार खम्बा,किला रैन बसेरा, चिनौर, चौभुर्जी, चमकनी, बहादुरगंज, खिरनीबाग,नवोदय विद्यालय, कचहरी, मंत्री जी वाली गली सुभाष नगर,इन्द्रानगर, बृज बिहार कालोनी, तारीन बहादुरगंज ,पावर हाउस, फत्तेपुर, रामनगर,गदियाना, सैनिक कालोनी, रेयान स्कूल, रेती, दलेलगंज, तारीन गाड़ीपुरा पब्लिक, महमंद जलालनगर स्कूल, अहमदपुर, रेती, तिलहरजई, मोहम्मदजई, गौहरपुरा, बाबूजई, कच्चा कटरा, आदि में कराया गया। इस अभियान को सफल बनाने हेतु नगर निगम द्वारा अपने सभी संसाधनो का उपयोग किया जा रहा नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत नागरिको को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु पाइप लाइनो की टूट–फूट की मरम्मत एवं जल रिसाव वाले स्थानो को चिन्हित करते हुये उनकी मरम्मत कराने एवं समय–समय पर जल शुद्धीकरण के लिये दवाओ का प्रयोग किये जाने हेतु महाप्रबन्धक (जल) को निर्देश दिये गये। नगर आयुक्त महोदय द्वारा वातावरणीय तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के उपायो के अन्तर्गत खुले में शौच न करने शुद्ध पेयजल के प्रयोग तथा मच्छरो की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान संचालित करने हेतु नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया साथ ही सामुदायिक शौचालय,पब्लिक टॉयलेट आदि की समुचित सफाई एवं रख रखाव सुनिश्चित करने के लिये नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर में बन्द पड़ी लाईटो को सही कराये जाने हेतु ,शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने हेतु,खराब हैन्डपम्पो को रिबोर कराये, ,टंकियो तथा टैंकरो की सफाई कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम के सभी अधिकारियो/कर्मचारियो को निर्देशित किया कि शहर स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक नाले/नालियों की सफाई कार्ययोजना के अनुसार सुनिश्चित करें, इस अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 15.09.2020 को **निसरजई,मुल्लाखेल, सिंजई, तिराही,दलेलगंज** में सफाई का कार्य, कूड़ा उठाने तथा दवा का छिड़काव कराने का कार्य कराया गया। नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा आज दिनांक 15.09.2020 को अभियान के जलापूर्ति की पाइपो के लीकेज की समस्या तत्काल दूर की जा रही है। नगर आयुक्त के निर्देशो के अन्तर्गत ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से नियमित रूप से हाथ धोने,मास्क लगाने,दो गज की दूरी रखने तथा संक्रमण के बचाव का उपाय बताते हुये लोगो को जागरूक किया जा रहा नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार कन्टेनमेन्ट जोन में वेरीकेटिंग लगाने के साथ–साथ प्रतिदिन साफ–सफाई, सेनेटाईजेशन, फागिंग, कीटनाशक का छिड़काव एवं कूड़े निस्तारण का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा जनता से अपील की है कि नगर में बिना किसी कार्य के बाहर न निकले, मास्क का प्रयोग करे, अपनी सुरक्षा हेतु हाथ धोने,सेनेटाइजेंशन और 02 गज दूरी बनाये रखने हेतु। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय ने निर्देशित किया कि खाली प्लाटो पड़े पर कूड़े को साफ कराया जाये एवं जल वाले भराव स्थानो को साफ कराया गया।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहॉपुर

Generated by CamScanner